प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 07.08.2024 समय : 18.30 पीएम

- **राज्य में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत लाखों पौधे लगाये गये–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा–इस साल सात करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य।**
- **प्रदेश में राज्यसभा की एक खाली सीट पर तीन सितम्बर को उप चुनाव होगा।**
- **राज्य में हरियाली तीज का त्यौहार परम्परागत श्रद्धा और उल्लास से मनाया जा रहा है।**
- **प्रदेश में भारी बारिश का दौर धीमा पड़ा–जोधपुर, पाली और जैसलमेर के विभिन्न क्षेत्रों में जमा पानी को निकालने का काम जारी।**

00000

प्रदेश में आज पौधरोपण के महाअभियान के तहत एक साथ लाखों पौधे लगाये गये। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज दूदू के गाड़ोता में एस.डी.आर.एफ. परिसर में पीपल का पौधा लगाकर हरियालो राजस्थान अभियान की शुरूआत की। इस मौके मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाली तीज के अवसर पर आज प्रदेश में एक दिन में एक करोड़ तथा इस साल सात करोड़ से अधिक पौधे लगाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने लोगों से एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की।

......

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द्र बैरवा और वन मंत्री संजय शर्मा तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी शिरकत की। महोत्सव के दौरान अमृता देवी वृक्ष मित्र पुरस्कार भी दिये गए। प्रदेश के अन्य जिलों में भी आज पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किये गये। शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने जोधपुर के पॉलीटेक्निक कॉलेज में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण अभियान–हरियालो राजस्थान और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। श्री दिलावार ने मौजूद लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की शपथ दिलाई। डूंगरपुर जिले में जिलास्तरीय कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत पिपलागुंज में प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराडी, प्रभारी सचिव राजेन्द्र विजय, जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह समेत अनेक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। चूरू और झुंझुनूं में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने पौधरोपण कार्यक्रम में शिरकत की।
शाहपुरा जिले के माताजी का खेडा में प्रभारी मंत्री मंजू बाघमार और विधायक लालाराम बैरवा ने पौधरोपण किया। श्रीमती बाघमार ने भीलवाडा की पटेल नगर विस्तार योजना में भी पौधारोपण कर हरियाली महोत्सव का शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की अपील की। झालावाड़ में जिला प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी ने झालरापाटन आवासीय विद्यालय और पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में पौधरोपण किया। उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ ने दौसा के केसरीसिंहपुरा गांव में पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार पर्यावरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रही है। इसी को देखते हुए प्रदेश में आज हरियाली तीज पर एक करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि आगामी पांच वर्षो तक इसी तरह पौधरोपण के कार्यक्रम होंगे।

.....

अजमेर में बड़लिया इंजीनियरिंग कॉलेज के पास बगीचे में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पौधे लगाये गये। जैसलमेर में प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत ने इंदिरा इंडोर स्टेडियम में पौधे लगाकर अभियान की शुरूआत की। सवाईमाधोपुर जिला प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक ने खण्डार के बरनावदा में पौधरोपण किया। बीकानेर के बीछलाव में रखे गये कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर सहित अनेक लोगों ने पौधरोपण किया। पाली जिले के कुनाडिया गांव में प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने चारागाह में पौधरोपण कर अभियान की शुरूआत की। जिले के रूपवास गांव में पौधरोपण जागरूकता रैली निकाली गई। राजस्थान फ्रंटियर सीमा सुरक्षा बल के महानिरीक्षक एम एल गर्ग के नेतृत्व में आज बीकानेर के बीएसएफ कैंपस में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। इस मौके पर श्री गर्ग ने कहा कि प्रकृति और वातावरण को हरा भरा बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है और यह अभियान इस दिशा में कारगर साबित होगा।

**0000000**

प्रदेश में राज्य सभा की एक खाली सीट पर 3 सितम्बर को उप चुनाव होगा। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया 14 अगस्त को अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि राज्य सभा उप चुनाव की प्रक्रिया राज्य विधानसभा परिसर में होगी। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार के सी वेणुगोपाल के राज्य सभा की सदस्यता छोड़ने पर खाली हुई सीट के लिए यह उपचुनाव हो रहा है। इस सीट पर सदस्यता का कार्यकाल 21 जून 2026 तक रहेगा। उप चुनाव के लिए 21

अगस्त तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 22 अगस्त को होगी, जबकि 27 अगस्त तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे। गौरतलब है कि राजस्थान सहित देश के 9 राज्यों में राज्य सभा की कुल 12 सीटों पर उप चुनाव होने हैं। इनमें से 10 सीटें तत्कालीन सदस्यों के 18वीं लोक सभा का सदस्य चुने जाने और 2 सीटें सदस्यों के त्याग–पत्र देने के कारण रिक्त हुई हैं।

00000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ दो दिन के दौरे पर 9 और 10 अगस्त को जोधपुर दौरे पर रहेंगे। श्री धनखड़ यात्रा के पहले दिन जोधपुर में न्यायिक अधिकारियों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। दूसरे दिन उपराष्ट्रपति राजस्थान उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जयंती समारोह को संबोधित करेंगे।

**00000**

प्रदेशभर में आज हरियाली तीज परम्परागत श्रद्धाभाव और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। महिलाएं लहरिया पहनकर विशेष श्रंगार कर रही हैं। घेवर और मिठाई की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी हुई है। राजधानी जयपुर में आज तीज माता की शाही सवारी निकाली जा रही है, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक जयपुर पहुंचे हैं। बैंड बाजे के साथ त्रिपालिया गेट से शुरू हुई यह सवारी गणगौरी बाजार, छोटी चौपड़ होती हुई चौगान स्टेडियम पहुंचेगी। इस दौरान लोक कलाकार अपनी कला की छटा बिखेर रहे हैं। इस वर्ष पहली बार पर्यटन विभाग की ओर से तीज उत्सव का सोशल मीडिया पर लाइव टेलीकास्ट किया जा रहा है। इसके अलावा अल्बर्ट हॉल, बड़ी चौपड़ और छोटी चौपड़ पर भी एलईडी स्क्रीन्स पर तीज की सवारी का सजीव प्रसारण किया जा रहा है। सवारी को लेकर शहर में यातायात के विशेष इंतजाम किये गये हैं। कल बूढ़ी तीज की सवारी निकाली जाएगी।

0000

आज देश में 10वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हथकरघा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए हथकरघा बुनकरों को संत कबीर और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि हथकरघा उत्पादों को बढावा देने में सहकारी क्षेत्र एक निर्णायक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने लोगों से हथकरघा उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हथकरघा दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने देश के कारीगरों के प्रयासों की सराहना की और 'वोकल फॉर लोकल' होने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

**00000**

प्रदेश **में** पिछले तीन दिनों से चल रहा भारी बारिश का दौर कल रात से धीमा पड़ गया है। हालांकि कल पूर्वी जिलों में फिर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। बीते 24 घंटों में बीकानेर के **कोलायत मगरा** में सबसे ज्यादा 132 मिलीमीटर पानी बरसा है। राज्य के जिलों में आज भी हल्की बारिश का दौर जारी रहा। जैसलमेर में पिछले दो–तीन दिन में हुई बारिश से कई गांवों और ढाणियों में अभी भी पानी जमा है। प्रशासन की ओर से पानी निकासी का काम किया जा रहा है। पाली में अब बारिश का दौर थम गया है, लेकिन अभी भी कई कॉलोनियों में पानी जमा है। जिले के अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश गोयल ने बताया कि कॉलोनियों से पानी निकाला जा रहा है और जरूरतमंद लोगों को राहत पंहुचायी जा रही है। जोधपुर में भी डूब क्षेत्र की कॉलोनियों में पानी जमा है। हालांकि कल दोपहर बाद बारिश नहीं होने से लोगों को राहत मिली है। **इधर** जयपुर में आज दिनभर हल्की वर्षा का दौर जारी रहा। सिरोही जिले में माउंट आबू समेत ज्यादातर स्थानों पर आज बारिश हुई है। दौसा, करौली अलवर, भरतपुर, सवाई माधोपुर, झुझुनू **और** बारां जिलों में भी हल्की से मध्यम वर्षा होने के समाचार हैं। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार आज झुझुनू, सीकर, करौली, अलवर, भरतपुर **और** धौलपुर में कहीं कहीं भारी बारिश की संभावना है।

00000

पेरिस ओलंपिक में महिला पहलवान विनेश फोगाट का वजन कुछ ग्राम अधिक होने के कारण उन्हें 50 किलोग्राम भार वर्ग की फ्रीस्टाइल कुश्ती की फाइनल स्पर्धा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में विनेश फोगाट को सांत्वना देते हुए कहा कि यह दुखद है और उनके पास अपनी निराशा व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पहलवान फोगाट चैंपियनों में चैंपियन हैं। वे भारत का गौरव और हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। प्रधानमंत्री ने भारतीय ओलिम्पिक संघ–आई.ओ.ए. की अध्यक्ष पी.टी. उषा से बात **कर** मामले की जानकारी मांगी है। उन्होंने विनेश के अयोग्य घोषित किए जाने के बाद भारत के पास मौजूद विकल्पों का पता लगाने को कहा। प्रधानमंत्री ने पीटी उषा से यह भी कहा कि अगर विनेश को मदद मिलती है तो उनकी अयोग्यता के संबंध में कड़ा विरोध दर्ज कराएं।

00000